Downloaded From www.icseboard.org

# त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
## हिन्दी भाषा

कक्षा : VI
समय : 2 घंटे 15 मिनट पूर्णांक : 80

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखें।** [10]

(क) संध्या समय किसी उद्यान (पार्क) में बिताए गए कुछ घंटों का वर्णन करें।

(ख) आपके विद्यालय में हॉबी (Hobby) की कक्षाएँ होती हैं। आपने जिस हॉबी को अपनाया है, उसे क्यों अपनाया और आगे चलकर उसका उपयोग किस प्रकार करेंगे ?

(ग) स्वप्न में आई परी से मुलाकात – जिसने आपकी तीन इच्छाएँ पूरी करने का वचन दिया। आपकी वे तीन इच्छाएँ क्या थीं और क्यों ?

(घ) एक दिन आप अपने मित्र के जन्म दिन के अवसर पर उसे देने के लिए एक उपहार खरीदने बाजार गए। बताइए कि उस दिन आपने अपने मित्र के लिए किन-किन उपहारों को देखा और बाद में क्या उपहार खरीदा और क्यों ?

**2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें।** [10]

(क) विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार (Annual Prize) समारोह में आपके मित्र को 'सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी' का पुरस्कार मिला है। बधाई देते हुए मित्र को पत्र लिखें।

*{Turn Over}*

(ख) विद्यालय में छात्रों की संख्या की तुलना में पीने के पानी के नलों की संख्या कम है। इससे होने वाली असुविधाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए तथा इसे दूर करने की प्रार्थना करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

**3. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें –**

एक बार राजा कृष्ण देव राय ने अपने राज्य का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। आस-पास के सभी राजाओं को आमंत्रित किया। सभी ने कीमती उपहार दिए। उन उपहारों में चार कीमती फूलदान भी थे। महाराज को ये फूलदान इतने मन भाए कि इसकी सुरक्षा के लिए एक सेवक को तैनात किया और आदेश दिया कि फूलदानों के रख-रखाव में लापरवाही हुई तो उसे मृत्युदंड दिया जाएगा।

सेवक रात-दिन उनकी देखाभाल करने लगा, लेकिन अचानक एक दिन एक फूलदान टूट गया। महाराज ने क्रोधित होकर सेवक को आठवें दिन फाँसी देने का आदेश दिया। तेनालीराम ने महाराज को समझाया कि रामसिंह बीस वर्षों से उनकी सेवा कर रहा है, अतः उसे इतना कठोर दंड न दिया जाए परंतु महाराज नहीं माने। उन्होंने सेवक की प्राणरक्षा का संकल्प लिया और सेवक से मिले।

फाँसी का दिन आ गया, सेवक से उसकी अंतिम इच्छा पूछी गई। सेवक ने कहा – "मैं बाकी बचे फूलदानों को देखना चाहता हूँ।" बचे हुए फूलदानों को लाया गया उसने आव देखा न ताव तीनों फूलदोनों को जमीन पर पटक कर चूर-चूर कर दिया। महाराज के क्रोध ा की सीमा न रही। उन्होंने पूछा "क्या मिला तुम्हें इन्हें तोड़कर !



(ग) चाचा जी घूमने जा रहे थे ।

(घ) भइया सो चुके होंगे।

(ङ) यदि तुम पढ़ते तो अच्छे नंबर लाते ।

(च) जहाज डूब चुका था ।

**12. निम्नलिखित वाक्यों में रचना के आधार पर वाक्य-भेद लिखें–** [3]

(क) तुम्हीं कह रहे थे कि परीक्षा की तिथि बदल गई है ।

(ख) नीरज क्रिकेट खेल रहा है ।

(ग) सीमा पढ़ रही है और नितीश खेल रहा है ।

**13. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें –** [4]

(क) मुझे फलों में आम सबसे अच्छा लगता है ।
(संज्ञा शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ख) छात्र ने यह पुस्तक पढ़ ली है ।
(वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(ग) गुणवान पुरूष का सभी सम्मान करते हैं ।
(लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(घ) आज कोई जरूर आएगा ।
(सर्वनाम शब्द चुनकर भेद लिखें)



Downloaded From www.icseboard.org

"तीन निर्दोषों का जीवन महाराज। जिस प्रकार मैं निर्दोष इन फूलदानों के कारण फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी-न-कभी तीन और लोग भी फाँसी पर चढ़ाए जा सकते हैं – ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं है महाराज।" यह सुनकर महाराज को आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे। सेवक की फाँसी रोक दी गई।

प्रश्न (क) सेवक का नाम क्या था ? उसे क्या काम सौंपा गया था? उस काम की क्या शर्त थी ? [4]

प्रश्न (ख) किस अवसर पर महाराज को फूलदान मिले थे ? उन फूलदानों का क्या हुआ ? [4]

प्रश्न (ग) सेवक को सहायता किसने की ? बचे हुए फूलदानों को सेवक ने क्यों तोड़ा ? [4]

प्रश्न (घ) महाराज को अपनी गलती का आभास कब हुआ ? [3]

**4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें (शब्द उतारें) [4]**

कमल, अतिथि, आसमान, उद्यान

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें – (शब्द उतारें) [4]**

अधिक, आस्तिक, उतार, अनुज, इच्छा, आशा, आरोह, अमृत

**6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें :- [4]**

अंक, कल, काल, गुरु

**7. निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें – [4]**

ओर – अपेक्षा – अन्य – अलि –

और – उपेक्षा – अन्न – अली –

{Turn Over}



"तीन निर्दोषों का जीवन महाराज। जिस प्रकार मैं निर्दोष इन फूलदानों के कारण फाँसी पर चढ़ाया जा रहा हूँ, कभी-न-कभी तीन और लोग भी फाँसी पर चढ़ाए जा सकते हैं – ये फूलदान मनुष्यों के जीवन से अधिक कीमती नहीं है महाराज।" यह सुनकर महाराज को आभास हो गया कि क्रोध में वे कैसा अनर्थ करने जा रहे थे। सेवक की फाँसी रोक दी गई।

प्रश्न (क) सेवक का नाम क्या था ? उसे क्या काम सौंपा गया था? उस काम की क्या शर्त थी ? [4]

प्रश्न (ख) किस अवसर पर महाराज को फूलदान मिले थे ? उन फूलदानों का क्या हुआ ? [4]

प्रश्न (ग) सेवक की सहायता किसने की ? बचे हुए फूलदानों को सेवक ने क्यों तोड़ा ? [4]

प्रश्न (घ) महाराज को अपनी गलती का आभास कब हुआ ? [3]

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें (शब्द उतारें) [4]

कमल, अतिथि, आसमान, उद्यान

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें – (शब्द उतारें) [4]

अधिक, आस्तिक, उतार, अनुज, इच्छा, आशा, आरोह, अमृत

6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें :- [4]

अंक, कल, काल, गुरु

7. निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें – [4]

ओर – अपेक्षा – अन्य – अलि –

और – उपेक्षा – अन्न – अली –

{Turn Over}

3

Downloaded From www.icseboard.org

**8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें – [4]**

(क) जिसका अंत न हो –

(ख) सदा रहने वाला –

(ग) जिसका आचरण अच्छा हो –

(घ) जो कभी न मरे –

**9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ – [7]**

(क) आँखें खुलना –

(ख) काम आना –

(ग) एक और एक ग्यारह होना –

(घ) आँखों में धूल झोंकना –

**10. निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया विशेषण शब्दों के भेद लिखें – [5]**

(क) दुश्मन ने अचानक धावा बोला ।

(ख) पिता जी अभी आए हैं ।

(ग) कम बोलना लाभदायक रहता है ।

(घ) दो किताबें यहाँ रखी हुई हैं ।

(ङ) परीक्षा में जल्दी-जल्दी लिखना पड़ता है ।

**11. निम्नलिखित वाक्यों में भूतकाल के उपभेद लिखें – [6]**

(क) मैंने पुस्तक पढ़ी ।

(ख) गाड़ी चली गई है ।



**8. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें – [4]**

(क) जिसका अंत न हो –

(ख) सदा रहने वाला –

(ग) जिसका आचरण अच्छा हो –

(घ) जो कभी न मरे –

**9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो से वाक्य बनाएँ – [7]**

(क) आँखें खुलना –

(ख) काम आना –

(ग) एक और एक ग्यारह होना –

(घ) आँखों में धूल झोंकना –

**10. निम्नलिखित वाक्यों में आए क्रिया विशेषण शब्दों के भेद लिखें – [5]**

(क) दुश्मन ने अचानक धावा बोला ।

(ख) पिता जी अभी आए हैं ।

(ग) कम बोलना लाभदायक रहता है ।

(घ) दो किताबें यहाँ रखी हुई हैं ।

(ङ) परीक्षा में जल्दी-जल्दी लिखना पड़ता है ।

**11. निम्नलिखित वाक्यों में भूतकाल के उपभेद लिखें – [6]**

(क) मैंने पुस्तक पढ़ी ।

(ख) गाड़ी चली गई है ।

4

Downloaded From www.icseboard.org